क्रिकेट — इंजीनियरिंग डिवीजन की टीम रही रनरअप, अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

# कॉमर्शियल टीम ने जीता खिताब



**नवभारत, जबलपुर ।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) व आल इंडिया रेलवेमैंस फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा नगर के रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन शुक्रवार 17 अप्रैल को हुआ। इस प्रतियोगिता की विजेता कामर्शियल टीम रही, जबकि इंजीनियरिंग डिवीजन की टीम रनर अप रही।

डबलूसीआरईयू एआईआर एफ की इस प्रतियोगिता में मंडल की 32 टीमें गत 9 अप्रैल से रेलवे स्टेडियम में जमकर अपने खेल-कौशल का प्रदर्शन कर आयोजन को रोमांचक बना रही थीं इस प्रतियोगिता के फाइनल में कामर्शियल व इंजीनियरिंग डिवीजन की टीमें पहुंची। जिनके बीच मुकाबला शुक्रवार की शाम को आयोजित हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में कमर्शियल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंजीनियरिंग डिवीजन को हराकर खिताब एवं 15 हजार रुपये की नगद राशि अपने नाम किया वहीं उप विजेता इंजीनियरिंग टीम को खिताब एवं 10 हजार रुपये की राशि मंडल सचिव रोमेश मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला के द्वारा प्रदान की गई है। वही मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ब्रजेश पटेल को बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए दिया गया।

### सभी की मेहनत हुई साकार

पिछले 9 दिनों (9 अप्रैल से 17 अप्रैल) तक चले इस शानदार कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले एक एक कार्यकर्ता सहयोगी स्टाफ यूनियन कार्यकर्ताओं का यूनियन के मंडल सचिव रोमेश मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने हृदय से आभार एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि, सभी ने दिन रात मेहनत करके इस आयोजन को सफल बनाया है यूनियन ने कहा कि आगे भी ऐसे ही आयोजन करते रहेंगे।



## हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट अवॉर्ड्स से सौरभ सिंह सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर ।** हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया प्रेसिडेंट अवार्ड्स समारोह में सौरभ सिंह राजपूतको बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें इस अवसर पर बेस्ट अंपायर' और बेस्ट अंपायर मैनेजर के सम्मान सेनवाजा गया। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, निष्पक्ष निर्णय क्षमता और खेल के प्रति समर्पण को देखते हुएप्रदान किया गया। सौरभ सिंह राजपूत ने अपने करियर के दौरान कई महत्वपूर्ण मैचों में अंपायरिंग करते हुए उच्चस्तर का निर्णय का प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि से न केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान बढ़ा है, बल्कि उनके क्षेत्रऔर खेल समुदाय में भी गर्व का माहौल है। खेल जगत के कई गणमान्य लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाईदी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

यह सम्मान आने वाले समय में युवा अंपायरों के लिए भीप्रेरणा का स्त्रोत बनेगा सौरभ सिंह राजपूत के पिता सतोंष सिंह राजपूत पूर्व जिला खेल अधिकारी जबलपुर रहे है।मार्बल रॉक हॉकी क्लब जबलपुर के वरिष्ठ खिलाडी सौरभ सिंह राजपूत की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर कुशालसिंह, दिग्विजय सिंह (सचिव म.प्र.ओलिंपिक संघ) मार्बल रॉक हॉकी क्लब के अध्यक्ष अजय मार्कों, सचिवअशरफ अली, हॉजी सैय्यद हैदर अली, आरिफ अली, हसन अली, एल्विन सुशील कुमार, डॉ रमेश शुक्ला, डॉ. विशाल बन्ने, औंकार दुबे, लायन पप्पी खान, असलम अली, अफसर अली, एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिकबधाईयॉ व भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई।



## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सतत मूल्यांकन जरूरी

**नवभारत,जबलपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा संकाय सदस्यों का मूल्यांकन कैसे करें विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉ. एसके मेहता, विशिष्ट अतिथि डॉ. ब्रिटी नंदी रहीं जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.आरएस चंडोक ने की। मुख्य वक्ता डॉ. मेहता ने मूल्यांकन के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए पारदर्शिता, निष्पक्षता और रचनात्मक दृष्टिकोण को आवश्यक बताया। उन्होंने फीडबैक, आत्म मूल्यांकन और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति की भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. संध्या कोष्टा का विशेष योगदान रहा। डॉ. चंडोक ने शिक्षक मूल्यांकन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का सतत मूल्यांकन और आत्ममंथन अनिवार्य है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दिशा मिलती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरिता शर्मा आभार डॉ. संध्या कोष्टा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, प्रकृति बिस्वास, डॉ. शशि दुबे, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. अम्बिका तिवारी, डॉ जया चतुर्वेदी, प्रियंका साहू आदि मौजूद रही।

## सामाजिक विकृतियों के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



### बजरंग दल ने फूंका पुतला

**नवभारत, जबलपुर ।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, जबलपुर विभाग द्वारा शनिवार को देश में बढ़ती सामाजिक विकृतियों, सुनियोजित अपराधों और अवैध गतिविधियों के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं नेनारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और विधर्मियों व असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी। प्रदर्शन केपश्चात, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने माननीय जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापनप्रेषित किया। ज्ञापन में देश की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक समरसता को खंडित करने वाली ताकतों परकठोरतम कार्रवाई की मांग की गई है। पुतला दहन के समय उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विभागसंयोजकों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता से खिलवाड़ करने वाले विधर्मी तत्वों को अबबर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने इन असामाजिक गतिविधियों और अवैध कब्जों पर तुरंत नकेल नहींकसी, तो बजरंग दल सड़कों पर उतरकर और भी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### लव जिहाद एवं धर्मांतरण पर लगे रोक

नासिक टीसीएस जैसे संस्थानों के पास सामने आए प्रकरणों का हवाला देते हुए मांग की गई कि शिक्षित समाजऔर व्यावसायिक क्षेत्रों में फैल रहे इस जाल को खत्म करने के लिए कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए। अवैधलैंड जिहाद वन भूमि, रेलवे, सेना और सार्वजनिक भूमि पर सुनियोजित तरीके से किए गए अवैध कब्जों कोतत्काल हटाने की मांग की गई। वही अल-फलाह यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों से जुड़े संदिग्ध मामलों और बमधमाकों के दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। समाज में वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से खाद्य वस्तुओं कोअपवित्र करने की घटनाओं पर सख्त कानूनी नियंत्रण की मांग की गई।

## सिविल अस्पताल रांझी को मिली एक्स-रे मशीन



**नवभारत,जबलपुर ।** सिविल अस्पताल रांझी जबलपुर को ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) गतिविधि के अंतर्गत लगभग 14 लाख रुपये की लागत की 300 एम.ए. क्षमता की डीजिटल एक्सरे मशीन प्रदत्त की गई है। डिजिटल एक्स-रे मशीन का विधिवत लोकार्पण सिविल हॉस्पिटल राँझी में आज दिनांक 18 अप्रैल शनिवार को कैंट विधायक अशोक रोहाणी एवं आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल के कर कमलों के द्वारा किया गया, इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे इसी तारतम्य में चिकित्सालय में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण भी विधायक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ नवीन कोठारी के कर कमलों द्वारा किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यकम की अध्यक्षता कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने की और इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य महाप्रबंधक ओएफके शैलेश बगैरवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक अशोक कुमार मीणा, अविनाश शंकर वरिष्ट प्रबंधक, शेखर कुमार गजभिए मंडल अधिकारी की उपस्थिति रही। इसी कार्यकम में स्थानीय पार्षद दामोदर सोनी जी, निशांत झारिया, सावित्री शाह, संतोषी ठाकुर, अनुराग दाहिया, मण्डल अध्यक्ष पुष्पराज सेंगर, सचिन जैन सहारा, जिला स्वास्थ्य विभाग से जिला क्वालिटी नोडल डॉ आदर्श बिश्नोई, जिला मीडिया अधिकारी श्री अजय कुरील, चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. कमलेश धुर्वे, डॉ. संगीता खुराना, डॉ. संजय छत्तानी, डॉ. श्रीष श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंक, डॉ. आयुषि दीवाकर समस्त नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडीकल स्टाफ एवं समस्त सपोर्ट स्टाफ की उपस्थिति रही।

### बाइकों में भिड़ंत, दो घायल

**नवभारत,जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत दोनी पटोरी मेन रोड़ पोल्ट्री फार्म के आगे बाइकों में भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मनीष जैन 45 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 7 मझौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मोटर पम्प के दुकान मझौली बजार में चलाता है। अपनी दुकान में काम करने वाला कर्मचारी शाहिल, मोंटू एवं शाहिल के जीजा अख्तर के साथ 2 मोटर सायकलों से ग्राम दोनी मोटर पम्प सुधार के कार्य में जा रहे थे एक मोटर सायकल में उसके साथ शाहिल के जीजा अख्तर बैठे थे दूसरी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 6407 शाहिल चला रहा था जिसमें मोंटू सेन पीछे बैठा था शाम लगभग 4-15 बजे दोनी पटोरी मेन रोड़ पोल्ट्री फार्म के आगे पहुँचे तभी पीछे तरफसे आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एक्स ए 3244 के चालक ने शाहिल की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे शाहिल एवं मोंटू मोटर सायकल सहित गिर गये, दोनों को चोटें आ गई ।

## महाकोशल महाविद्यालय के हिंदी विभाग में विदाई समारोह आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग में एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई थी। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने इस मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन और कठोर परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने निरंतर अध्ययन की प्रवृत्ति को अपनाते हुए उज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने अपने उद्बोधन में सकारात्मक सोच को सफलता की मुख्य कुंजी बताया और सभी विद्यार्थियों के आगामी जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं

विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का आगाज स्वागत भाषण से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता पाठ और गायन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के विशेष आकर्षण के रूप में मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास, श्रीमती लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत और शोधार्थी श्री हरीश झारिया ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. विभा निगम और डॉ. संघप्रिया तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। समारोह का कुशल संचालन नीलेश चौधरी और संजय कश्यप ने किया। कार्यक्रम के दौरान सृष्टि गर्ग, प्रशांत जायसवाल, सौरभ अहिरवाल, वर्षा नागवंशी, अमन चौधरी, राहुल विश्वकर्मा, तृप्ति चतुर्वेदी, सुदर्शन प्रजापति, दिनेश अहिरवार, अमृता सिंह और सोनम सहित एम.ए. हिंदी के अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत



**नवभारत, जबलपुर ।** जबलपुर ब्राह्मण एकता मंच के पं योगेंद्र दुबे, पं राम दुबे के सानिध्य में भगवान परशुराम जयंती के पूर्व निकाली गई शोभायात्रा का बड़े फुहारा पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा नमकीन मीठी लस्सी पिलाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल , डॉ सुधीर अग्रवाल , सचिन अग्रवाल एडवोकेट , श्याम मनोहर पटेल , विनोद दीवान , सुरेश विश्वकर्मा , विनोद विश्वकर्मा , गुड्डू नेता , दुर्गा पटेल आदि उपस्थित थे।



### शोभायात्रा का समरसता सेवा संगठन ने किया स्वागत

**जबलपुर, नवभारत।** भगवान परशुराम के प्रकाट्योत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच एवं परशुराम वंशजद्वारा निकाली शोभायात्रा का स्वागत समरसता सेवा संगठन, सराफा एसोसिएशन, मंगला काली परिवार द्वारासराफा चौक में मंच लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समरसता सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष संदीपजैन, अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ, अखिल मिश्रा, अजय बख्तावर, सुशील सोनी, संजय गोस्वामी, राजासराफ, रिंकू अग्रवाल, मनोज सराफ, अजय यादव, राजेश केसरवानी, पवन साहू, राहुल दुबे, रवि शर्मा, हर्षित झा, गुड्डू चौबे, विनीत यादव, आशु रजक, रमेश साहू, ओम सोनी आदि ने स्वागत किया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग जिला- दुर्ग (छ.ग.)**
**नजूल अधिकारी, दुर्ग का प्रक.- 202502103500004/16अ 20(3)/वर्ष 2024-25**
**// राजस्व मामले में सूचना //**

**आवेदक- संजय वर्मा आ. स्व. जय नारायण वर्मा एवं अन्य-01 पता- मोहन नगर, दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) // विरुद्ध // अनावेदक- छ. ग. शासन, प्रति,** श्रीमती कुसुमलता चतुर्वेदी पिता स्व. मुन्नालाल तिवारी निवासी- आनंद कालोनी, बल्देव बाग, जबलपुर (म.प्र.), एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय वर्मा आ. स्व. जयनारायण वर्मा उम्र- 62 वर्ष एवं अन्य- 01, निवासी- मोहन नगर दुर्ग जिला- दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट नं.- 09, प्लाट नं.- 3/22, क्षेत्रफल- 1593 वर्गफुट भूमि को भूमिस्वामी/विक्रेता बसंत राव आ. कृष्णा ठाकुर निवासी- तितुरडीह जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा क्रेता जयंत लाल तिवारी पिता रामहृदय तिवारी साकिन- मोहन नगर दुर्ग को पंजीयन क्रमांक- 3651 विलेख निष्पादन दिनांक 14/3/1972 को विक्रय किया गया है। उसके पश्चात उक्त भूमि को विक्रेता जयंत लाल तिवारी पिता रामहृदय तिवारी साकिन- मोहन नगर दुर्ग (छ.ग.) द्वारा क्रेता कुसुमलता चतुर्वेदी पिता स्व. मुन्नालाल तिवारी निवासी- जबलपुर (म.प्र.) को पंजीकृत बयनामा दिनांक 16/5/1972 के द्वारा विक्रय किया गया है। विक्रेता कुसुमलता चतुर्वेदी पिता स्व. मुन्नालाल तिवारी निवासी- जबलपुर (म.प्र.) द्वारा क्रेता कुमुदनी वर्मा पति स्व. जयनारायण वर्मा निवासी- दुर्ग जिला-दुर्ग को पंजीकृत बयनामा दिनांक 28/1/1991 को विक्रय किया गया है। कुमुदनी वर्मा पति स्व. जयनारायण वर्मा का दिनांक 28/1/1994 को मृत्यु हो जाने से उनके वारिसानों द्वारा अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त सूचना/नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि से वर्तमान भूमिस्वामी बसंतराव आ. कृष्णाराव ठाकुर निवासी- तितुरडीह, दुर्ग जिला- दुर्ग का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो न्यायालय में पेशी तिथि 22/04/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता के द्वारा प्रकरण में उपस्थित होकर अपना पक्ष/दस्तावेज/जवाब आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत जवाब/दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 15/04/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

( मुहर ) **नजूल अधिकारी दुर्ग**



## पश्चिम मध्य रेल

**वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।, **सभी निविदाओं का कार्य का प्रकार**- खानपान, **सभी निविदाओं का कैटलॉग क्र.**-JBP-C-Catg-26-3, **सभी निविदाओं का ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय**- 27/04/2026, 11:00 hrs

**GMU Catering units:-**

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| सिहोरा रोड | Catg-JBP-SHR-GMU-302-26-1 | SHR-CS-5 | 27/04/2026, 11:30 hrs |
| करेली | Catg-JBP-KY-GMU-300-25-1 | KY-CS-6 | 27/04/2026, 11:40 hrs |
| करेली | Catg-JBP-KY-GMU-299-25-1 | KY-CS-4 | 27/04/2026, 11:50 hrs |
| जैतवारा | Catg-JBP-JTW-GMU-14-25-1 | JTW-CS-5 | 27/04/2026, 12:00 hrs |
| खुरई | Catg-JBP-KYE-GMU-306-26-1 | KYE-CS-5 | 27/04/2026, 12:10 hrs |

**SMU Catering units:-**

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| जबलपुर | Catg-JBP-JBP-SMU-1-25-2 | JBP-CS-16 | 27/04/2026, 12:20 hrs |
| जबलपुर | Catg-JBP-JBP-SMU-200-25-2 | JBP-CS-20 (SC Women) | 27/04/2026, 12:30 hrs |
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-198-25-2 | KTE-CS-10 (OBC) | 27/04/2026, 12:40 hrs |
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-221-25-2 | KTE-CS-14 (SC Women) | 27/04/2026, 12:50 hrs |
| बांदकपुर | Catg-JBP-BNU-SMU-303-26-1 | BNU-CS-5 | 27/04/2026, 13:00 hrs |
| बीना मालखेड़ी | Catg-JBP-MAKR-SMU-244-26-2 | MAKR-CS-1 | 27/04/2026, 13:10 hrs |
| श्रीधाम | Catg-JBP-SRID-SMU-232-26-2 | SRID-CS-3 | 27/04/2026, 13:20 hrs |

संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें। लॉट-बार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सुचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर